卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐 उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंका, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त हिन्दी सान्ध्य दैनिक

उत्तरांचल दर्पण

दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई

♦वर्ष 24 ♦अंक 36 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦12 नवम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

KJ KUMAON JEWELLERS
TRUSTED TRADE
100% Hallmarked HUID Jewellery Showroom
50% Off On Making Charges
Bhotia Parao, Near Taxi Stand Nainital Road, Haldwani
Unchapul, Near Devashray Colony, Haldwani
Opp. P.A.C. Gate No. 2 Near ICICI Bank Rudrapur (U.S Nagar) Uttarakhand
Near Soban Singh Jeena Base Hospita, Haldwani Uttaranchal Trade Centre, Tikonia, Haldwani
Ph.: 9759290502, 8791172502
E-mail.: verma.sanjeev9759@gmail.com

निर्माणाधीन सुरंग में भूस्खलन, कई श्रमिक फंसे

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिलक्यारा से डंडालगांव तक निर्माणाधीन सुरंग के अंदर भूस्खलन होने से हड़कम्प मच गया है। बताया जा रहा है कि सुरंग के अंदर 40 से ज्यादा मजूदर फंसे हैं। जिला आपदा प्रबंधन रेस्क्यू अभियान में जुटा है। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि सुरंग के अंदर कुल कितने श्रमिक फंसे हैं। सुरंग का निर्माण एनएच आईडीसीएल के निर्देशन में नवयुगा कंपनी कर रही है। कंपनी की ओर से मलबे को हटाने का कार्य किया जा रहा है। मौके पर पांच एंबुलेंस तैनात की गई हैं। फिलहाल किसी की मृत्यु की सूचना सूचना नही है। एसडीआरएफ और अन्य बचाव दल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसा रविवार तड़के 5 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि सिलक्यारा की ओर सुरंग के द्वार से 200 मीटर की दूरी पर भूस्खलन हुआ है, जबकि जो मजदूर काम कर रहे थे वो द्वार के 2800 मीटर अंदर हैं। भूस्खलन की सूचना से हड़कम्प मच गया। सूचना पर आपदा प्रबंधन विभाग को मिलने पर मौके पर एसडीआरएफ और अन्य बाचाव दलों को भेजा गया। साथ ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। श्रमिकों को सुरंग से बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान समाचार लिखे जाने तक जारी

(शेष पृष्ठ सात पर)



दीपावली पर रंग बिरंगी आकर्षक रोशनी से सजा ऐतिहासिक गुरूद्वारा नानकमत्ता साहिब

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✓ Shops ✓ Houses
✓ Industrial Property
✓ Commercial Property
✓ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

दीपावली व गुरूनानक जयंती की सभी क्षेत्रवासियों को लख-लख बधाइयां

महेश गोयल
डायरेक्टर
नीतू अग्रवाल
प्रबंधक
तिरूपति भारत गैस ग्रामीण वितरक केन्द्र, नानकमत्ता

‘दीपावली’ पर गणेश पूजन को लेकर बड़ी ‘शंका’?

उत्तर भारत में भी भगवान गणेश को अगले बरस आने के लिए बोल दिया गया, दीपावली पर अब घर-घर गणेश भगवान कैसे पधारेंगे?

-अर्श-

रूद्रपुर। कभी-कभी लोग श्रद्धा से वशीभूत होकर अथवा किसी धार्मिक चलन के अनुसरण में उत्साहवश कुछ ऐसे धार्मिक कार्य करने लग जाते हैं, जो शास्त्र सम्मत नहीं होते। दरअसल ,हिंदू धर्म में के कुछ त्योहारों का भौगोलिक महत्व होता है और तादानुसार धार्मिक कर्मकांड की भौगोलिक बंदिशें भी होती हैं, परंतु परंपरा के अनुसरण एवं श्रद्धा एवं उत्साह के अतिरेक के चलते धार्मिक कर्मकांड में कभी-कभी इन भौगोलिक बंदिशो की बिल्कुल ही अनदेखी कर दी जाती है। धार्मिक परंपराओं के अनुसरण में भौगोलिक बंदिशो की ऐसी अनदेखी हमें गणेश चतुर्थी के त्योहार पर गणेश विसर्जन के दौरान दिखाई देती है इस त्यौहार पर विसर्जन के दौरान भगवान गणेश को अगले वर्ष फिर आने का निमंत्रण दिया जाता है। देखा जाए तो गणपति को अगले वर्ष आने का निमंत्रण दिया जाना दक्षिण में तो शास्त्रोचित है ,लेकिन उत्तर में भगवान गणेश का विसर्जन करना और उन्हें अगले वर्ष आने का निमंत्रण दिया जाना उचित नहीं है। वह इसलिए क्योंकि धर्म शास्त्रों के अनुसार उत्तर में ही भगवान गणेश का निवास स्थान माना गया है और यहां वे सदैव विराजमान रहते हैं। उल्लेखनीय है की कुछ कुछ अरसा पूर्व तक गणेश चतुर्थी का त्योहार मुख्य रूप से महाराष्ट्र और गुजरात में ही मनाया जाता था, लेकिन धीरे-धीरे यह त्यौहार पूरे भारत विशेष कर उत्तर भारत में भी मनाया जाने लगा और स्थान स्थान पर भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की जाने लगी और परंपरा अनुसार उनका विसर्जन भी किया जाने लगा। गणेश विसर्जन की परंपरा महाराष्ट्र एवं गुजरात में तो उचित है, लेकिन उत्तर भारत में गणेश

(शेष पृष्ठ सात पर)

May The Sparkel Of Diwali Light Up Your Life
Happy Diwali
GURU MAA JEWELS
Certified Hallmark Jewellery Store | Gold | Diamond | Silver Jewellery
JAI BABA KI
MMTC-PAMP Authorised Partner
Offer Valid From 05 Nov. to 14 Nov. 2022
UPTO 30% OFF On Diamond Jewellery Value On Making Charges of Gold Jewellery
BUY JEWELLERY WORTH ₹50K OR ABOVE & GET INSTANT CASH BACK
100% EXCHANGE VALUE ON OLD GOLD JEWELLERY
Near Guru Nanak Girls Intercollege, Kashipur Bypass Road, Rudrapur
+91 - 96900 88887

Happy Diwali
दीप जगमगाते रहें
सबके घर झिलमिलाते रहें
साथ हों सब अपने
सब यूं ही मुस्कुराते रहें
दीपावली की शुभकामनाएं।
सुरेश गौरी
पार्षद,नगर निगम
रूद्रपुर (उधमसिंहनगर)

गुरू मां
Sony Center
GURU MAA ENTERPRISES
SAMSUNG
Whirlpool
DAIKIN
VOLTAS
IFB
HITACHI
BOSCH
BLUE STAR
JBL
mi
Haier
DELL
FABER
KONICA
DIGITAL PHOTO EXPRESS
SONY
Canon
Nikon
OFFERS!
INSTANT CASHBACK 25,000
EMI FREE
Whirlpool Select
LG

इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान, जहाँ विश्वास है विश्वास का साथ।

हर ख्वाब को साकार करें, गुरू माँ के साथ

23% कैश बैक

अब LED TV मात्र ₹990 की मासिक किस्त में घर लायें

50% तक की छूट

1 आप फायनांस कराएं **किस्त हम देंगे**

0 ब्याजमुक्त फाइनेंस पर

मनपसंद उत्पाद घर ले जाएं शेष राशि आसान ब्याज मुक्त मासिक किस्तों पर सुरक्षा

BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
HDFC BANK
SAMSUNG Finance+

गुरू मां उत्पादों पर अतिरिक्त वारंटी @290/- से

FAST DELIVERY

आज का आज !
सबसे तेज डिलीवरी एवं इंस्टॉलेशन

पुराना लाएं नया ले जाएं

पुराने की अच्छी कीमत पर

सभी प्रतिष्ठित ब्रांड एक ही छत के नीचे उपलब्ध

SAMSUNG | Whirlpool | SONY | IFB | VOLTAS | BOSCH | Haier | DAIKIN

MITSUBISHI ELECTRIC | AMSTRAD | SANSUI | PHILIPS | dyson | FABER | BLUE STAR

USHA | TOMASHI | Symphony | EUREKA FORBES | KENT | DELL | hp | JBL

जैसे आपकी ख्वाहिशें, वैसी हमारी सेवाएं, सपनों को साकार करें

Guru Maa Electronics

रूद्रपुर : काशीपुर बाईपास (9690282777, 9756233166)
सिविल लाईन्स (9927882338), सोनी सेन्टर (9917170230)

Rudrapur | Haldwani | Haridwar | Kashipur | Moradabad | Gadarpur | Kichha | Lohaghat | Dehradun | Panipat | Karnal

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

☞ 100 से 400 गज तक के प्लाट
☞ 100,160, 200 गज विला
☞ खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

रूद्रपुर महाविद्यालय की महिला टीम ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।कुमाऊं विश्वविद्यालय की महिला क्रिकेट प्रतियोगिता एमेनिटी पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई। जिसके फाइनल मैच में रूद्रपुर की टीम ने हल्द्वानी को पराजित कर ट्रॉफी हासिल की। प्रतियोगिता में हल्द्वानी महाविद्यालय, डीएसबी परिसर नैनीताल और राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर की टीमों ने प्रतिभाग किया। आयोजन समिति अध्यक्ष प्रोफेसर संतोष त्रिपाठी ने बताया कि फाइनल मुकाबला एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी और राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर के मध्य हुआ। रुद्रपुर की कप्तान मुस्कान खान ने टॉस जीता और क्षेत्र रक्षण करने का फैसला किया। रुद्रपुर की टीम ने हल्द्वानी की टीम को 25 ओवर के निर्धारित मैच में 86 रन पर आउट कर दिया। बल्लेबाजी करते हुए हल्द्वानी महाविद्यालय की टीम ने निर्धारित 25 ओवर के मैच में 86 रन बनाए। जिसमें अंजलि ने 32 रन तथा मीनाक्षी जोशी ने 16 रन बनाए। रुद्रपुर की टीम से डिंपल और लक्ष्मी बसेरा ने तीन-तीन विकेट लिए। जवाब में रुद्रपुर की टीम ने 15 ओवर में 87 रन एक विकेट के नुकसान पर बनाकर मैच 9 विकेट से जीता और विजेता बनी। कुमाऊं विद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉक्टर नागेंद्र शर्मा ने बताया मैच के अंपायर राजेंद्र कुमार, नवनीत राव, लोकेश पांडे थे। मुख्य अतिथि राजीव मेहता पूर्व महासचिव भारतीय ओलंपिक संघ, महासचिव फेंसिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, सुरजीत सिंह ग्रोवर एमडी डीपीएस स्कूल रुद्रपुर, सुधांशु पंत, जीपीएस पब्लिक स्कूल, प्रोफेसर एसके त्रिपाठी आचार्य एसएसआईएमटी कॉलेज रुद्रपुर मौजूद रहे। एमेनिटी स्पोर्ट्स अकादमी के प्रबंधक सुभाष अरोड़ा, हल्द्वानी टीम मैनेजर डॉक्टर सुरेंद्र सिंह नेगी , डॉ राजेश कुमार, भूपेश दुमका, एडवोकेट नीतीश कुमार, योगेश पांडे, गौरव जोशी, ललित सिंह बिष्ट, सहित अनेको खेल प्रेमी उपस्थित थे। डॉ. नागेंद्र शर्मा ने बताया कि मुख्य प्रतियोगिता में कुमाऊं विश्वविद्यालय की टीम का चयन कर लिया गया है। जो 15 नवंबर को रुद्रपुर से ऊना हिमाचल प्रदेश 9 जून अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने जाएगी। टीम के मैनेजर राजेंद्र कुमार और प्रशिक्षक नवनीत होंगे।

लूट की घटना की झूठी सूचना देने वाला गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस को लूट की घटना की झूठी सूचना देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे विरुद्ध चालानी कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार 10 नवंबर की मध्य रात्रि एक कॉलर गर्वित पन्त पुत्र मनोज कुमार पन्त निवासी सुभाषनगर ने डायल 112 में सूचना दी कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गैस गोदाम रोड़ पर उसकी कार को रोककर क्षतिग्रस्त कर उसकी कार में रखे 3 लाख रूपये व गले की चेन लूट ली है। उक्त सूचना पर संजीत राठौर चौकी प्रभारी आरटीओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां कॉलर अपने साथियों के साथ मौजूद मिला। उसका एक साथी उपेन्द्र देउपा पुत्र श्याम सिंह देउपा निवासी रामपुर रोड़ से इस बात को लेकर विवाद चल रहा था कि उपेन्द्र देउपा ने कॉलर की कार का शीशा क्यों तोड़ा? दोनों पक्षों के तीक्ष्ण विवाद के कारण उत्तेजित हो रहे उपेन्द्र देउपा को काफी समझाया गया। किन्तु वह नही माना और अधिक आक्रोशित होकर फसाद करने लगा। पुलिस टीम द्वारा उपेन्द्र देउपा को हिरासत में लिया गया। मौके पर मौजूद व्यक्तियों से घटना की जानकारी की गयी तो दोनों पक्षों का काफी समय से मात्र आपसी विवाद होना पाया गया। लूट की सूचना के सम्बन्ध में कॉलर से सख्ती से पूछताछ की गयी तो कालर ने माफी मांगते हुए लूट की सूचना झूठी होना बताया। मौके पर मौजूद कार संख्या यूके 04 एएच 4467 व यूके 04 एजे 0448 के कोई कागजात न पाये जाने पर दोनों वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम में सीज किया गया। पुलिस टीम में उ.नि. संजीत राठौड़ चौकी प्रभारी आरटीओ,अ.उ.नि. शिवेन्द्र सिंह, का. चन्दन सिंह नेगी व सुनील आगरी शामिल थे।

SACRED SPACE
Dream Decor

251 दीप जलाकर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू कोषाध्यक्ष बलराम हालदार के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से दीपावली के शुभ अवसर पर एक दिया शहीदों के नाम से संस्था पदाधिकारियों ने हल्द्वानी नैनीताल रोड स्थित शहीद मेजर चंद्र शेखर मिश्रा पार्क में 251 दीये जलाकर भारतीय सेना के शहीद जवानों को श्रद्धासुमन श्रद्धांजलि दी। इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था सदस्य प्रीती आर्या समाजसेवी योगिता बनोला ने संयुक्त रूप से कहा कि भारतीय सेना के शहीद जवानों के बलिदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता क्योंकि भारतीय सेना के जवान हजारों फुट की ऊंचाई पर अपनी हड्डियाँ गलाकर दुश्मनों की हर हरकत पर पैनी निगाह रखते हुए दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देकर दुश्मनों को संभलने का मौका भी नहीं देते है तब जाकर हम अपने अपने घरों में सुरक्षित रहते है तब हम अपने सारे त्यौहार पूरी खुशी के साथ मना पाते है इसलिए हम सभी भारतीयों का यह फर्ज है की हमारी सुरक्षा के लिए भारतीय सेना के जवान अपनी जान की परवाह न करते हुए भारत व भारतवासियों को हमेशा सुरक्षित रखते है तो हम सभी भारतीयों को भी अपनी भारतीय सेना के प्रति सच्ची श्रद्धा आस्था निष्ठा रखते हुए हमेशा भक्ति भाव प्रकट करना चाहिए। इसलिए एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने भारतीय सेना के शहीद जवानों के सम्मान में एक दीया शहीदों के नाम 251 दीये जलाकर शहीदों को श्रद्धासुमन श्रद्धांजलि देकर उनके प्रति भक्ति भाव प्रकट किया है। इस दौरान शहीदों को श्रद्धांजलि देने में संस्था संरक्षक हरीश चन्द्र पाण्डेय ,मीडिया प्रभारी मुकेश सरकार, मार्गदर्शक विनीत टंडन, हेमन्त कुमार साहू, प्रीती आर्या, अलका टंडन, पूर्णिमा रजवार, योगिता बनोला, पूजा लटवाल, आशा रावत, कुसुम बोरा, ममता रावत, कनक चन्द, रॉबिन भारती, आर्यन प्रजापति, नन्दकिशोर आर्या, सुशील राय, संदीप यादव, अमन कुमार, मनीष साहू, नवीन तिवारी, अमित गोस्वामी, रोहित देव, सूरज मिस्त्री, कमलेश आर्या, दीपक कुमार, सूरज कुम्हार, मुकेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने दी दीपावली की शुभकामनाएं

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन में आयोजित दीपावली मिलन कार्यक्रम में राजभवन के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने सभी को दीपावली के शुभ अवसर पर मिठाई और उपहार भी वितरित किए। राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी राज्यपाल को दीपावली की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि राजभवन उत्तराखण्ड के लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप निरंतर कार्य कर रहा है। इसमें राजभवन के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों का योगदान सराहनीय है। इस अवसर पर राज्यपाल की धर्मपत्नी श्रीमती गुरमीत कौर सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रूद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

होली चाइल्ड स्कूल की सिल्वर जुबली पर 'एलुमनाई मीट' आयोजित

Alumni Meet
F R I E N D S
F O R E V E R

Alumni meet
SILVER JUBILEE
25

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। होली चाइल्ड स्कूल की सिल्वर जुबली के उपलक्ष्य में पूर्व छात्रों से पुन: एक साथ मिलने-मिलाने, सम्मानित करने व उनके संस्मरण साझा करने के उद्देश्य से पूर्व छात्रों की बैठक-'एलुमनाई मीट' का आयोजन किया गया। बता दें होली चाइल्ड स्कूल की स्थापना, 25 वर्ष पूर्व एक नन्हे पौधे की भाँति बहुत ही सीमित विद्यार्थियों के साथ शुरूआत की गई थी। प्रधानाचार्य के उचित मार्गदर्शन व अध्यापकों के परिश्रम के फलस्वरूप विद्यालय उन्नति के पथ पर अग्रसर होने लगा। विद्यालय से शिक्षा व उचित मार्गदर्शन प्राप्त कर विद्यार्थी देश व विदेश के अच्छे शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनकर विभिन्न क्षेत्रों में उच्च पदों पर आसीन हुए, जिससे विद्यालय का नाम उच्च श्रेणी के स्कूलों में लिया जाने लगा। होली चाइल्ड स्कूल से शिक्षित विद्यार्थी आई.ए.एस., पी.सी.एस, डाक्टर, जज, सी.ए., प्रोफेसर, भारतीय सेना में उच्च पदों पर, सॉफ्टवेयर डेवलपर इत्यादि अनेक उच्च पदों पर आसीन हैं। इसके अलावा खेल-कूद के क्षेत्र में स्थानीय, जिला, राज्य, जोनल व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। सिल्वर जुबली के उपलक्ष्य में आयोजित एलुमनाई मीट में स्कूल समिति के हेड बॉय, हेड गर्ल व अन्य सदस्यों ने अध्यापकों के सानिध्य में सभी पूर्व छात्रों का स्वागत व अभिनन्दन उनके माथे पर तिलक लगाकर किया। तत्पश्चात् सभी पूर्व छात्रों को स्कूल बैंड के साथ विद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल ले जाया गया। सभी पूर्व छात्रों ने आपस में मिलकर बीती यादों को ताजा किया और होली चाइल्ड स्कूल में हुए अभूतपूर्व परिवर्तन से हतप्रभ हुए। स्कूल समिति के छात्रों ने पूर्व छात्रों से विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे जिसका कि उन्होंने सहजतापूर्वक उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा परिपूर्ण की। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्रीमति सुमन बत्रा, उपाध्यक्ष विकास बत्रा, एम.डी. श्रीमति पूजा बत्रा, विनय बत्रा, प्रधानाचार्य मिंटू दुबे, उप-प्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी एवं उप-प्रधानाचार्य (एकेडमिक) श्रीमति मंजू अधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलन समारोह के साथ हुआ। पूर्व छात्रों के सम्मान में विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों ने विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसका कि उन्होंने भरपूर आनन्द लिया। स्वागत गीत गाया व विभिन्न गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए। नृत्य नाटिका द्वारा पूर्व छात्रों को पुरानी यादों का एहसास कराया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर विद्यालय की बहुप्रतीक्षित पत्रिका 'रिफलेक्शन 25' का विमोचन विद्यालय के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। सभी पूर्व छात्रों को पत्रिका व स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। पूर्व छात्रों ने अपने विचार साझा किए व होली चाइल्ड स्कूल में बिताए गए पलों को याद किया। पूर्व छात्रों ने दिवंगत शिक्षकों व छात्रों को पुष्पांजलि के माध्यम से अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए सभी पूर्व छात्रों का आभार व्यक्त किया व उज्जवल भविष्य की कामना की। पूर्व छात्रों ने होली चाइल्ड परिवार से सदैव जुड़े रहने व समय-समय पर विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को अपना मार्गदर्शन देते रहने का वादा किया।



समस्त
क्षेत्रवासियों को
दीपों के पर्व
दीपावली
की बहुत-बहुत
बधाई एवं शुभकामनाएं

जयकिशन अरोरा
अध्यक्ष
प्रेस क्लब, गदरपुर

Mob.: 9990843339, 7983004243

Best Buy Mart

A Store Of House Holds And Gift Items
Wholesale & Retail

D1-D2/59, Civil Lines, Near Bata Showroom, Rudrapur (U.S. Nagar)
Sakeniya Mod, Opp. Inter College, Gadarpur (U.S. Nagar)
Opp. V-Mart, Kaladhungi Road, Mukhani, haldwani

समस्त नगर वासियों को दीपों के पर्व दीपावली एवं भैय्या दूज पर्व की हार्दिक शुभकामनायें

Happy Diwali

दर्शन कुमार कोली
अध्यक्ष
नगर पालिका, किच्छा

मीनू कोली
पूर्व ब्लाक अध्यक्ष, किच्छा

समस्त नगर वासियों को धनतेरस, दीपावली एवं भैय्या दूज पर्व की हार्दिक शुभकामनायें

Happy Diwali

भूपेंद्र चौधरी (बबलू भाई)
अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी, किच्छा
(अनुपम सीनेप्लेक्स)

सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली एवं भैय्या दूज पर्व की हार्दिक शुभकामनायें

विजय अरोड़ा
महामंत्री, प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल
किच्छा (उधमसिंहनगर)

समस्त नगर वासियों को धनतेरस, दीपावली एवं भैय्या दूज पर्व की हार्दिक शुभकामनायें

Happy Diwali

मूलचन्द्र राठौर
अध्यक्ष क्रय विक्रय समिति

कुलदीप बग्गा
सांसद प्रतिनिधि

धनतेरस, दीपावली एवं भैय्या दूज पर्व की हार्दिक शुभकामनायें

संजीव सिंह
सचिव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी
किच्छा (उधमसिंहनगर)

समस्त नगर वासियों को धनतेरस, दीपावली एवं भैय्या दूज पर्व की हार्दिक शुभकामनायें

Happy Diwali

धनीराम
पूर्व सभासद नगर पालिका परिषद
एवं भाजपा कार्यकर्ता, किच्छा

समस्त क्षेत्रवासियों को धनतेरस, दीपावली एवं भैय्या दूज पर्व की हार्दिक शुभकामनायें

राजकुमार बजाज
अध्यक्ष, प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल, किच्छा

ऋषि बजाज
छात्र नेता, किच्छा

समस्त नगर वासियों को दीपावली एवं भैय्या दूज पर्व की हार्दिक शुभकामनायें

Happy Diwali

धर्मराज जायसवाल
भाजपा नेता, किच्छा

अंजू जायसवाल
पूर्व पालिकाध्यक्ष, किच्छा

समस्त नगर वासियों को दीपावली एवं भैय्या दूज पर्व की हार्दिक शुभकामनायें

Happy Diwali

गुलशन सिंधी
महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, उधमसिंह नगर

श्री तिलक राज बेहड़
मा0 विधायक, किच्छा

समस्त नगर वासियों को धनतेरस, दीपावली एवं भैय्या दूज पर्व की हार्दिक शुभकामनायें

Happy Diwali

राजीव सक्सेना
सभासद नगर पालिका
किच्छा (उधमसिंहनगर)

Prop. Harish Chandra Singh # GSTIN- 05AWUPS4820C126

समस्त क्षेत्रवासियों को धनतेरस, दीपावली व भाईदूज की हार्दिक शुभकामनायें

GANGA ENTERPRISES

Haldwani Byy Pass Near Sagar Petrol Pump
Ward No-4, Kichha (A.S. Nagar)263148

समस्त नगर वासियों को धनतेरस, दीपावली एवं भैय्या दूज पर्व की हार्दिक शुभकामनायें

राजकुमार कोली
पूर्व ग्राम प्रधान

श्रीमती सूरजमुखी
सभासद नगर पालिका परिषद
किच्छा (उधमसिंह नगर)

धनतेरस, दीपावली एवं भैय्या दूज पर्व की हार्दिक शुभकामनायें

अक्षय बाबा
समाजसेवी, किच्छा

समस्त क्षेत्रवासियों को धनतेरस, दीपावली व भाईदूज की हार्दिक शुभकामनायें

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

माँ भगवती धर्मकांटा

क्षमता 120 टन

24 घण्टे सेवा उपलब्ध

हल्द्वानी बाईपास रोड, सागर पेट्रोल पम्प के पास, किच्छा (ऊधम सिंह नगर) 263148

कम्प्यूटराईज्ड धर्मकांटा

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

टीबी का उपचार और जागरूकता

दुनिया भर में तपेदिक यानी क्षयरोग या टीबी को जड़–मूल से खत्म करने के लिए कई दशकों से बहुस्तरीय प्रयास चल रहे हैं। टीबी के खिलाफ पहला अभियान 1995 में शुरू हुआ था, लेकिन इतना लंबा वक्त बीत जाने के बावजूद आज भी लाखों लोग इस गंभीर बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से मंगलवार को जारी एक सौ बानबे देशों और क्षेत्रों के आंकड़ों पर आधारित विश्व तपेदिक रिपोर्ट, 2023 में यह तथ्य उजागर हुआ है कि वैश्विक स्तर पर 2022 में करीब एक करोड़ छह लाख लोग टीबी से बीमार पड़े। यानी 2021 के मुकाबले इस आंकड़े में तीन लाख की बढ़ोतरी हुई। यह सही है कि इस दौरान कोरोना महामारी की वजह से लगभग समूचा चिकित्सा तंत्र इसके शिकार रोगियों की देखभाल में लगा था और इसका टीबी से संबंधित सेवाओं पर काफी हद तक विपरीत असर पड़ा था। हालात के संभलने के बाद फिर से इस ओर ध्यान देना संभव हो सका। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि हाल के महीनों में दुनिया भर में टीबी की जांच और उपचार संबंधी सेवाओं में व्यापक सुधार हुआ है और इसके नतीजे जमीनी स्तर पर देखने में आए हैं। यह जगजाहिर रहा है कि जब तक इस बीमारी का इलाज नहीं खोजा जा सका था, तब तक दुनिया के तमाम हिस्से में लोग इसकी चपेट में आकर मरते रहे। इसके रोगियों को यह पता भी नहीं चल पाता था कि यह कौन–सी बीमारी है और इसे ठीक कैसे किया जाए। लेकिन चिकित्सा विज्ञान के विकास के साथ इसका इलाज खोजा गया और अब हर वर्ष लाखों लोगों को इससे बचाया जा रहा है। डब्लूएचओ की रिपोर्ट में भी बताया गया है कि टीबी से निपटने के वैश्विक प्रयासों से सन 2000 के बाद से अब तक साढ़े सात करोड़ से ज्यादा लोगों की जान बचाई गई है। इसके बावजूद यह अफसोस की बात है कि अब भी इस जटिल बीमारी के उन्मूलन में कोई बड़ी कामयाबी नहीं मिल सकी है और यह दुनिया का दूसरा प्रमुख 'संक्रामक हत्यारा' बना हुआ है। खासतौर पर दक्षिण–पूर्व एशिया और अफ्रीकी देशों में स्थिति अब भी ऐसी है, जिसे चिंताजनक कहा जा सकता है। यह स्थिति तब है, जब चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में लगातार प्रगति हुई, जटिल रोगों का पता चलने के बाद उनके इलाज भी खोजे गए। टीबी एक ऐसी बीमारी है, जो गंभीर और जटिल, बल्कि बिगड़ जाने पर जानलेवा भी है। कुछ साल पहले तक भारत में हर साल टीबी से पांच लाख लोगों की मौत हो जाती थी। अब भी इससे सालाना तीन से चार लाख के बीच लोगों की जान चली जाती है। सवाल है कि आज तपेदिक का कारगर इलाज होने के बावजूद अगर इतनी बड़ी तादाद में लोग इसके शिकार हो रहे हैं तो इसका क्या कारण हो सकता है। किसी भी बीमारी के इलाज के समांतर यह पहलू ज्यादा महत्त्वपूर्ण होता है कि खानपान से लेकर रहन–सहन में कमी या गड़बड़ी तक उसके तमाम कारणों को दूर करने या उससे बचने के ठोस उपाय किए जाएं। सही है कि भारत में पहले के मुकाबले तपेदिक के मामलों में कमी आई है और लोग अपने स्तर पर भी इसके बचाव को लेकर जागरूक हो रहे हैं। मगर आज भी जितनी बड़ी तादाद में लोग इसके शिकार हो रहे हैं, उसे देखते हुए यह आशंका लाजिमी है कि भारत में 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य कैसे हासिल किया जा सकेगा।

विधानसभा सत्र में यूसीसी बिल पेश कर सकती है धामी सरकार

देहरादून। समान नागरिक संहिता कानून की ड्राफ्ट रिपोर्ट तैयार कर चुकी यूसीसी की विशेषज्ञ समिति जल्द ही अपनी रिपोर्ट धामी सरकार को सौंप सकती है। सरकारी नौकरियों में राज्य आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण बिल के लिए बुलाए जा रहे विधानसभा सत्र में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का विधेयक भी आ सकता है। गैरसैंण में राज्य स्थापना दिवस समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने शीघ्र विधानसभा का सत्र बुलाए जाने की घोषणा की थी। सूत्रों के मुताबिक उन्होंने अपर मुख्य सचिव (गृह) राधा रतूड़ी को भी सत्र बुलाए जाने की संभावनाओं और तैयारी के संबंध में निर्देश दिए थे। एसीएस ने विधानसभा के अधिकारियों के साथ सत्र के आयोजन को लेकर समीक्षा भी की। दिसंबर महीने में वैश्विक निवेशक सम्मेलन होने की वजह से सरकार नवंबर महीने में ही विधानसभा का सत्र बुला सकती है, क्योंकि अभी उत्तराखंड विधानसभा का सत्रावसान भी नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि विशेषज्ञ समिति की अध्यक्ष जस्टिस रंजना देसाई ने भी अगले कुछ दिनों में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ड्राफ्ट रिपोर्ट सौंपे जाने की संभावना जताई है। इससे उत्तराखंड में जल्द यूसीसी आने की चर्चाओं को बल मिल गया है।

SAMSUNG
गुरू मां
Galaxy Tab S9 Series
samsung.com
Own now at ₹ 60999*
Up to ₹ 12000 HDFC Bank Cashback
Samsung upgrade bonus of ₹ 3000*
No cost EMI Up to 24 months#*
HDFC BANK
Galaxy Z Flip5
Own now at ₹ 3379/month*
Galaxy S23 FE
Galaxy Z Fold5
Own now at ₹ 5237/month*
Own at ₹ 67 per day*
SAMSUNG SMART PLAZA
Guru Maa Enterprises
No D1 & D2, opposite Guru Maa Dental Clinic, Civil Lines, Rudrapur, Uttarakhand 263153 Contact: 070390 02656
Cheema Chauraha, Ramnagar Rd, opp. HDFC Bank, Kashipur, Uttarakhand 244713 Contact: 070390 02648
BAJAJ FINSERV
HDB
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
EASY EMI OPTION AVAILABLE
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338 उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

कोसी बैराज में ब्राह्मणी बतख का फिर से स्वागत है

रूडी शेल्डक (टैडोर्ना फेरुगिनिया) जिसे भारत में ब्राह्मणी बत्तख या चकवा–चकवी के नाम से जाना जाता है, एनाटिडे परिवार का सदस्य है । रूडी शेल्डक भारत में एक आम शीतकालीन आगंतुक है जहां यह आता है अक्टूबर में और अप्रैल तक प्रस्थान कर लेता है। यह शेल्डक अधिकतर झीलों, जलाशयों और नदियों जैसे अंतर्देशीय जल निकायों पर खुले स्थानों पर आता है। यह जंगली इलाकों में शायद ही कभी देखा जाता है। इसका विशिष्ट प्रजनन निवास स्थान बड़ी आर्द्रभूमियाँ और मिट्टी के सपाट किनारों वाली नदियाँ हैं , और यह झीलों और जलाशयों में बड़ी संख्या में पाया जाता है । यह जम्मू और कश्मीर में ऊंचाई वाली झीलों और दलदलों में प्रजनन करता है । प्रजनन के मौसम के बाहर यह तराई की नदियों, सुस्त नदियों, तालाबों, बाढ़ वाले घास के मैदान, दलदल और खारे लैगून को पसंद करता है। यद्यपि यह तराई क्षेत्रों में अधिक आम है, यह उच्च ऊंचाई पर भी निवास करता है और मध्य एशिया में बार–हेडेड हंस (एंसर इंडिकस) के साथ कुछ जलपक्षियों में से एक है, जो 5,000 मीटर (16,400 फीट) की ऊंचाई पर झीलों पर पाए जाते हैं। यह एक विशिष्ट जलपक्षी है, जिसकी लंबाई 58 से 70 सेमी (23 से 28 इंच) और पंखों का फैलाव 110 से 135 सेमी (43 से 53 इंच) होता है। इसका शरीर नारंगी–भूरे रंग का है और सिर हल्का पीला है, जबकि पूंछ और पंखों में उड़ने वाले पंख काले हैं, जो सफेद पंखों के आवरण के विपरीत हैं। यह एक प्रवासी पक्षी है ,जो सर्दियों में भारतीय उपमहाद्वीप में रहता है और दक्षिणपूर्वी यूरोप और मध्य एशिया में प्रजनन करता है, हालांकि उत्तरी अफ्रीका में छोटी निवासी आबादी भी है। यह जोर से हार्न बजाने की भांति आवाज करता है। सुर्ख शेल्डक ज्यादातर झीलों, जलाशयों और नदियों जैसे अंतर्देशीय जल–निकायों में निवास करता है। नर और मादा एक स्थायी जोड़ी बनाते हैं और घोंसला पानी से काफी दूर, किसी चट्टान, पेड़ या इसी तरह की जगह पर किसी दरार या छेद में हो सकता है। लगभग आठ अंडों का एक समूह दिया जाता है और लगभग चार सप्ताह तक केवल मादा ही उन्हें सेती है। बच्चों की देखभाल माता–पिता दोनों द्वारा की जाती है और अंडे सेने के लगभग आठ सप्ताह बाद बच्चे निकलते हैं। उत्तर–पश्चिम अफ्रीका और इथियोपिया में इस प्रजाति की बहुत कम निवासी आबादी हैं , लेकिन पक्षी का मुख्य प्रजनन क्षेत्र दक्षिण–पूर्व यूरोप से लेकर पैलेरक्टिक के पार बैकाल झील, मंगोलिया और पश्चिमी चीन तक है। पूर्वी आबादी ज्यादातर प्रवासी है , जो भारतीय उपमहाद्वीप में सर्दियों में रहती है । इस प्रजाति ने कैनरी द्वीप समूह में फ्यूरटेवेंटुरा द्वीप पर निवास किया है , 1994 में पहली बार वहां प्रजनन किया, और 2008 तक लगभग पचास जोड़े की आबादी तक पहुंच गई। रूडी शेल्डक मुख्य रूप से रात्रिचर पक्षी है। यह सर्वाहारी है और घास, पौधों के युवा अंकुर, अनाज और जलीय पौधों के साथ–साथ जलीय और स्थलीय अकशेरुकी दोनों पर फीड करता है । जमीन पर यह पत्ते चरता है, पानी में यह उथले पानी में रेंगता है, और अधिक गहराई पर यह ऊपर की ओर जाता है, लेकिन गोता नहीं लगाता है। रूडी शेल्डक आमतौर पर जोड़े या छोटे समूहों में पाए जाते हैं और शायद ही कभी बड़े झुंड बनाते हैं। हालाँकि, चुनी हुई झीलों या धीमी नदियोंपर निर्मोचन और शीत ऋतु का जमावड़ा बहुत बड़ा हो सकता है। नेपाल में, कोशी बैराज और कोशी टप्पू वन्यजीव अभ्यारण्य में चार हजार से अधिक पक्षियों का जमावड़ा दर्ज किया गया है, और तुर्की में डुडेन झील पर दस हजार से अधिक पक्षियों का जमावड़ा दर्ज किया गया है। रूडी शेल्डक की एक बहुत विस्तृत श्रृंखला है और अनुमानित कुल आबादी 170,000 से 225,000 की है। मध्य और पूर्वी एशिया में, जनसंख्या स्थिर है या बढ़ रही है, लेकिन यूरोप में वे आम तौर पर गिरावट में हैं। कुल मिलाकर, पक्षियों की एक विस्तृत श्रृंखला और बड़ी कुल आबादी है, और प्रकृति के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संघ ने उनकी संरक्षण स्थिति को कम से कम चिंता का विषय माना है । यह हमारा मेहमान है, और हमें चाहिए कि हम इसको इत्मिनान से अपने देश में बिना किसी दखलंदाजी के छुट्टियों का आनंद लेने दें।

–रूपेश अरोरा वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर

दीपावली पर गेंदे के फूलों से सजे बदरीनाथ और केदारनाथ धाम

15 नवंबर को बंद होंगे कपाट, 55 लाख के करीब पहुंचा चारधाम यात्रियों का आंकड़ा

चमोली/रुद्रप्रयाग। दिवाली पर्व के लिए बदरीनाथ और केदारनाथ धाम को फूलों से सजाया गया है। पर्व के अवसर पर धामों में विशेष पूजा अर्चना होंगी। इस मौके पर बदरीनाथ मंदिर को दस कुंतल गेंदे के फूलों से सजाया गया है। कर्मचारी मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनी से सराबोर कर रहे हैं। मंदिर के चारों तरफ फूल मालाएं लगाई गई हैं। मंदिर के द्वार पर फूल मालाओं के साथ पीपल व आम की पत्तियों के बंदनवार लगाए गए हैं।चारधाम यात्रा अंतिम पड़ाव में है। अब तक चारधामों के साथ हेमकुंड साहिब में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा 55 लाख पार करने वाला है, जो यात्रा के इतिहास में नया रिकॉर्ड है। साथ ही बाबा केदार और बदरीनाथ धाम में 51 हजार से अधिक वीआईपी दर्शन करने पहुंचे।केदारनाथ और यमुनोत्री धाम के कपाट 15 नवंबर को बंद होंगे, जबकि गंगोत्री धाम के 14 नवंबर और बदरीनाथ धाम के कपाट 18 नवंबर को बंद होंगे। चारधामों के कपाट बंद होने के साथ ही यात्रा छह माह के शीतकाल के लिए बंद रहेगी। केदारनाथ धाम में क्षेत्रपाल के रूप में पूजनीय भगवान भकुंट भैरव के कपाट शनिवार को विधि-विधान के साथ अपराह्न 3 बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। इस मौके पर पूरा क्षेत्र आराध्य भगवान भैरव के जयकारों से गूंज उठा। श्री केदारनाथ धाम के कपाट भैयादूज के पावन पर्व पर 15 नवंबर को बंद कर दिए जाएंगे। इसी दिन बाबा केदार की चल उत्सव विग्रह डोली धाम से अपने शीतकालीन गद्दीस्थल के लिए प्रस्थान करते हुए रात्रि प्रवास के लिए पहले पड़ाव रामपुर पहुंचेगी। केदारनाथ में लगातार तीसरे दिन भी जमकर बर्फबारी हुई। इस दौरान लगभग 4 इंच तक नई बर्फ जमी, जिस कारण केदारपुरी में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शनिवार को दोपहर एक बजे से भकुंड भैरव मंदिर में पूजा-अर्चना शुरू हुई। इस मौके पर भगवान भैरवनाथ जी का आह्वान करते हुए पूजा-अर्चना के साथ ही उनका अभिषेक कर आरती की गई। इसके साथ ही विश्व कल्याण के लिए यज्ञ-हवन किया गया। इसके उपरांत अपराह्न 3 बजे विधि-विधान से क्षेत्रपाल के रूप में पूजनीय भगवान भकुंड भैरव के विधि-विधान के साथ बंद कर दिए गए। इससे पूर्व दोपहर 12 बजे केदारनाथ मंदिर मंदिर में भक्तों ने दर्शन किए। इसके बाद मंदिर को बंद कर दिया गया। मंदिर के गर्भगृह की साफ-सफाई के उपरांत सांय 4 बजे से भक्तों के दर्शन के लिए मंदिर को खोला गया। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के कार्यधिकारी रमेश चंद्र तिवारी व मीडिया प्रभारी डा. हरीश चंद्र गौड़ ने बताया कि भगवान भकुंड भैरव जी के कपाट बंद होने के बाद भी केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद होने तक बाबा केदार की विधिवत पूजा-अर्चना और सांयकालीन आरती होती रहेगी।

लाखों की नगदी सहित 11 जुआरी गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)। थाना प्रभारी के नेतृत्व में तेजा फौजा में गौशालों के बाहर टीन शेड में जुआ खेल रहे 11 लोगों को ताश पत्ते व लाखों की नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करनेपर उन्होंने अपना नाम पता गुरमेज सिंह पुत्र कश्मीर सिंह निवासी तेजा-फौजा, तजेंद्र सिंह उर्फ रिंकू पुत्र नरेंद्र पाल निवासी सरस्वती बिहार वार्ड नंबर 1, दिलपुकार पुत्र अब्दुल सलाम निवासी वार्ड नंबर 10 गदरपुर , सतपाल पुत्र गुरदीप सिंह निवासी तेजा फौजा, मनीष पुत्र किशन लाल निवासी हाउसिंग, कुलवंत सिंह पुत्र दलीप सिंह निवासी तेजा फौजा, ,राहुल पुत्र हुकम सिंह निवासी वार्ड नंबर 3 गदरपुर, मुख्तयार सिंह पुत्र दरबारा सिंह निवासी तेजा फौजा, सतपाल सिंह पुत्र हरवंश सिंह, निवासी तेजा फौजा वार्ड 5, केशव पुत्र हरस्वरूप निवासी शिव मंदिर वार्ड 7 गदरपुर, भजन सिंह पुत्र कश्मीर सिंह बताया। तलाशी के दौरान पुलिस ने मौके से कुल दो लाख तीन हजार चार सौ पचास रूपये नकद बरामद किये। पुलिस ने सभी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

पेज एक का शेष...

दीपावली पर गणेश पूजन... विसर्जन के बाद उन्हें अगले बरस आने के लिए कह देने के पश्चात अब प्रश्न यह उठता है कि जब हमने भगवान गणेश जी का विसर्जन करके उन्हें अगले वर्ष आने के लिए कह दिया, तो अब भगवान गणेश दीपावली पर हमारे बुलाने पर इसी वर्ष हमारे घर क्यों पधारेंगे ? यहां पर यह बताना आवश्यक है कि हिंदू धर्म शास्त्रों में भगवान गणेश का निवास स्थान उत्तर ही माना गया है ।पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान गणेश केवल एक सप्ताह के लिए माता गौरा के साथ उत्तर से दक्षिण अपने भाई कार्तिकेय जी से मिलने गए थे। मान्यता के अनुसार दोनों भाई महाराष्ट्र में मिले थे। इसीलिए गणेश उत्सव का पर्व मुख्य रूप से महाराष्ट्र में ही बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है और इस उत्सव की समाप्ति पर विसर्जन के समय उन्हें अगले बरस फिर आने का निमंत्रण दिया जाता है ।उत्तर में निवास होने के कारण भगवान गणेश क्योंकि यहां हमेशा विराजमान रहते हैं ,इसलिए उत्तर में उनका विसर्जन शास्त्रोचित नहीं है और गणेश चतुर्थी पर यदि हमने उनका विसर्जन करके उन्हें अगले बरस आने के लिए कह दिया है, तो ऐसे में वे दीपावली पर हमारे घर क्यों पधारेंगे ?यह एक बड़ी शंका है, जो की श्रद्धालुओं के मन में अक्सर उमड़ती- घुमड़ती रहती है,जिसका समाधान हिंदूधर्माचार्यों द्वारा किया जाना बेहद जरूरी है। यहां पर यह स्पष्ट करना नितांत आवश्यक है की हिंदू धर्म से संबंधित कोई भी छोटी- बड़ी पूजा गणेश जी की भगवान गणेश के आवाहन के बिना संपूर्ण नहीं होती और हर धार्मिक अनुष्ठान में गणपति के आवाहन की धार्मिक परंपरा है ,लिहाजा दीपावली पर भी भगवान गणेश का आह्वान किया जाएगा और संपूर्ण विधि विधान से उनकी पूजा की जाएगी। बावजूद इसके यह सवाल अपनी जगह बराबर मौजूद रहेगा की अगले बरस आने के लिए कह दिए जाने के बाद क्या भगवान गणेश दीपावली पूजन में उपस्थित होंगे?

निर्माणाधीन सुरंग... था। फिलहाल किसी की मृत्यु की सूचना नहीं है। बता दें आलवेदर रोड प्रोजेक्ट के तहत तैयार की जा रही सुरंग की लंबाई 4.5 किमी है। इसमें से चार किमी तक निर्माण पूरा कर लिया गया है।

विधायक पाण्डे ने दी दीपावली की बधाई



गदरपुर(उद संवाददाता)। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक अरविंद पांडेय ने धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैयादूज के अवसर पर प्रदेशवासियों की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की है। सुख, समृद्धि और संपन्नता के प्रतीक दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुये कहा कि माँ लक्ष्मी और भगवान श्री गणेश जी के आशीर्वाद से सभी के जीवन में सुख समृद्धि, शांति एवं आरोग्य का संचार हो। अरविंद पांडेय ने कहा कि दीपावली का यह पर्व एक साधारण पर्व नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अस्मिता और गौरव का पर्व है। इसमें हमें एक संपूर्ण राष्ट्र के गौरव तथा गौरवशाली अतीत के दर्शन होते हैं। प्रकाश का यह पर्व हम सब के जीवन में धन, वैभव, यश, एश्वर्य और सम्पन्नता लेकर आये इसकी भी पाण्डेय ने कामना की है। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व मर्यादा, सत्य एवं सद्भावना का भी संदेश देता है। दीपों का यह त्योहार भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास के पश्चात वापस अयोध्या आने से भी जुड़ा है। दीपावली का पर्व बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। दीपावली का यह पर्व हम सबके जीवन को प्रकाशमय करे इसकी भी उन्होंने कामना की है। इस दीपावली पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को आत्मसात करते हुए स्थानीय उत्पादों के प्रचार एवं प्रसार को हम सभी अधिक से अधिक बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की पूर्ति में भी अपना योगदान दे सकते हैं।

बंदी छोड़ दिवस, दिवाली पर्व दीयां
साध संगता नू लख-लख बधाइयां

cnh NkM+ fnol] fnokyh io Z ij 11 uoacj ls 24 uoacj 2023 rd fo'kky esys dk vk;kstu fd;k tk jgk gSA 12] 13] o 14 uoacj 2023 dks HkO; /kkfeZd nhoku ltsxsA lxrk u fourh gS fd c<+ p<+dj fgLlk ysa vkSj xq# ?kj dh [kq'kh;ka izkIr djsaA
dk;Øe& 12, 13 व 14 नवंबर को धार्मिक दीवान सजेंगे। जिसमें पंथ के प्रसिद्ध कीर्तनी, ढांढ़ी, कविसरी जत्थे गुरु जस सुनाकर संगता नू निहाल करेंगे।
dfo njckj& 13 नवंबर 2023 की रात को कवि दरबार सजेगा।
ver lapkj& 12 एवं 13 नवंबर को गुरुद्वारा भंडार साहिब में अमृत संचार का आयोजन होगा।
-गुरु पंथ के दास-

डॉ. हरबंश सिंह चुघ
प्रधान

अमरजीत सिंह
जनरल सेक्रेट्री

बीबी कमलेश कौर माटा
उपप्रधान



हरभजन सिंह
सचिव
एवं समस्त गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी
श्री नानकमत्ता साहिब ऊधम सिंह नगर

दीपोत्सव पर प्रसन्न होती है मां लक्ष्मी

गदरपुर(उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में कार्तिक मास की कथा के 16 वें दिवस की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि जो कार्तिक अमावस्या को दीपावली करता है वह कभी दरिद्री नहीं होता, मां लक्ष्मी की कृपा से उसका घर धन्य धान्य से भरा रहता है, सायं काल नए वस्त्र धारण करके लक्ष्मी जी का पूजन करें, घर को फूल माला आदि से सजाकर रात्रि को सारे घर में दीप जलाएं, जो घर अधिक सुंदर एवं रमणीक होता है उसमें बहुत दिनों तक मां लक्ष्मी वास करती हैं। प्रभात फेरी चंद्रपाल शर्मा एवं श्रीमती मिथिलेश शर्मा के निवास स्थान पर गयी। प्रसाद की सेवा पूर्व व्यापार मण्डल अध्यक्ष पंकज सेतिया एवं श्रीमती ममता सेतिया के परिवार द्वारा दी गयी।

भाजपा नेता के घर से राईफल चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप वार्ड तीन निवासी भाजपा नेता किरन सरदार के घर से अज्ञात चोर उनकी लाइसेंसी 315 बोर की राइफल चोरी कर ले गये। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर किसी तरह भाजपा नेता मकान में घुसा और चौथी मंजिल में रखी उनकी राईफल चोरी कर ली। सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैम्प थाना के एसआई धीरज टम्टा, एसआई प्रदीप पंत पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। उन्होंने मौका मुआयना किया और घर तथा आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले साथ ही किरन सरदार से जानकारी ली। किरन ने बताया कि घटना के समय कमरे में ताला लगा था। जब वह कमरे की तरफ गये तो ताला कटा हुआ था । उन्होंने बताया कि वर्ष 2015 में उन पर दो बार हमला हो चुका है जिसके आरोपी अभी तक गिरफ्तार नहीं किये गये हैं। जिससे उनकी जान को खतरा बना हुआ है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स,
श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

गदरपुर सीड्स एसोसिएशन

की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को दीपों के पर्व

दीपावली

की हार्दिक बधाई

सतीश मुंजाल
अध्यक्ष
साईं एग्रो सीड्स
मो0 9837071275

अनिल गगनेजा
महामंत्री
तराई एग्रो सीड्स
मो0 9837092698



डिंपल आहूजा
कोषाध्यक्ष
आहूजा सीड्स
मो0 9837000098



केवल कृष्ण ईशपुजानी
उपाध्यक्ष
श्री दुर्गा सीड्स
मो0 9837016110, 8218806064